

# रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो में टक्कर मारी, 2 जख्मी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 13 अप्रैल।** सुमाावली थाना क्षेत्र में सोमवार की दोपहर चंबल नदी की रेत से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली ने सवारियों से भरे थ्री-व्हीलर ऑटो में टक्कर मार दी।

**सुमावली थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, ड्राईवर गिरफ्तार**



हादसे में ऑटो में सवार दो लोग जख्मी हुए है। जिनमें से एक को गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर एक थ्री-व्हीलर ऑटो सुमावली से सवारियां लेकर टेकरी की ओर आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में चंबल नदी की रेत का परिवहन कर रहे तेज रफ्तार ट्रेक्टर-ट्रॉली ने ऑटो में टक्कर मारी, जिसके बाद ड्राईवर ट्रॉली को पलटाने के बाद ट्रेक्टर को लेकर भाग निकला। हादसे में ऑटो में सवार दो लोग सोहेल खान 19 पुत्र गफूर खान निवासी सुमावली और दर्शन सिंह राजपूत 58 पुत्र द्वारिका सिंह राजपूत नि. निटहरा बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना मिलने पर डायल-112 मौके पर पहुंचीं और दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत में दर्शन सिंह को ग्वालियर रैफर किया गया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों की मदद से ट्रेक्टर ड्राईवर को पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी ट्रेक्टर लेकर भाग निकला। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : तोमर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 13 अप्रैल।** मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी और विकास की रफ्तार निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।

श्री तोमर सोमवार को दिमनी

**विस अध्यक्ष ने दिमनी में 164 लाख के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन, लोकार्पण**



विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत लल्लूबसई में 7 पंचायतों में कुल 164.32 लाख रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के अवसर पर उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जपं अंबाह अध्यक्ष सुश्री मधुरिमा तोमर, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, डॉ. योगेशपाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि ग्राम पंचायत लल्लूबसई में पंचायत भवन निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

पंचायत के कार्यों में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए इस भवन का निर्माण किया जा रहा है। सांसद श्री तोमर ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक एवं सामूहिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी और गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## एक नजर में

### निरोगी काया रखने मानव जीवन में स्वच्छता जरूरी : अंजना

**मुरैना/कैलारस, 13 अप्रैल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार 13 अप्रैल को नगर के शमशान घाट परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं सफाई कर्मियों ने मिलकर श्रमदान किया और परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान के तहत शमशान घाट के पीछे के हिस्से में फैली गंदगी को हटाया गया। झाड़ियों की सफाई की गई तथा पौधों को संरक्षित करते हुए उनमें सिंचाई भी की गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया तभी संभव है, जब हम अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें। सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया ने स्वच्छता को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सियाराम सिंह, बृजेश बंसल, अशोक राणावत, पार्षद कल्लू कुशवाह, वीरेंद्र सोलंकी, लक्ष्मण सिंह, अमृतलाल, साहिल, विशाल, वीरेंद्र, विकास, दर्शन, अमित, चंद्रमोहन सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी और सफाईकर्मी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



### अंबेडकर जयंती पर 5 दिवसीय कार्यक्रम का समापन

**मुरैना/जौरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सांदीपनि स्कूल जौरा में आयोजित हुए 5 दिवसीय कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। पांच दिवसीय आयोजन के दौरान विद्यालय में रंगोली बनाओ, वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में मौजूद बीआरसी राजीव सिंह जादौन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों को महापुरुषों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। समापन मौके पर जनपद पंचायत जौरा की ओर से विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जपं सीईओ कुलदीप श्रीवास्तव ने लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर राजेश राजपूत, सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य बैजनाथ त्यागी, संकुल सह समन्वयक प्रमोद शर्मा सहित जनपद पंचायत के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे।



### पोरसा में 20 को मनेगी परशुराम जयंती, चल समारोह 26 को

**मुरैना/पोरसा।** कस्बा पोरसा में भगवान परशुराम की जयंती 20 अप्रैल को मनाई जाएगी। वहीं चल समारोह 26 अप्रैल को निकाला जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 13 अप्रैल को कस्बा पोरसा के सीएल गार्डन में ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि 20 अप्रैल को जयंती के मौके पर सीएल गार्डन में कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की जाएगी। जिसमें पोरसा ब्लॉक सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग शामिल होंगे। बैठक में तय हुआ कि जयंती के मौके पर 26 अप्रैल को नगर में बैंडबाजों के साथ भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता सीडी शर्मा ने की।



### प्रत्येक छात्र छात्राओं को अपना एक लक्ष्य लेकर चलना चाहिए

**सबलगढ़।** नगर में आज रामहंस पैलेस में छात्र छात्राओ के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एस डी ओ पी राज कृष्णा ने छात्र छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र छात्राओ को अपना एक लक्ष्य बनना चाहिए क्योंकि यदि आपके पास लक्ष्य होगा तो उसे हासिल करने में आपको कठिनाई नहीं आएगी आप देश का भविष्य है आपको पड़ लिख कर आगे जाना है नगर में संचालित न्यू लक्ष्य एकेडमी के करीब एक दर्जन छात्र छात्राओ ने सैनिक स्कूल परीक्षा मे नया कीर्तिमान स्थापित किया है उनके सम्मान में आज एकेडमी के संचालक बसन्त सर द्वारा छात्र छात्राओ के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तहसीलदार सीताराम वर्मा थाना प्रभारी राजकुमारी पमार जेलर श्रुति शर्मा विशेषज्ञ रूप से उपस्थिति रही सैनिक स्कूल परीक्षा मे प्रदेश में आकाश कुशवाह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है रविन्द्र कुशवाह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है अंशु शाक्य ने नवोदय में सातवां स्थान प्राप्त किया है वैष्णवी शाक्य ने पच्चीस वा स्थान नवोदय विद्यालय परीक्षा मे प्राप्त किया है सुमितराज ने ग्यारहवां स्थान नवोदय विद्यालय परीक्षा मे प्राप्त किया है जयादित्य सिंह माधव गुप्ता ने मध्यप्रदेश सैनिक परीक्षा मे प्रथम रैंक प्राप्त किया है सचिन कुशवाह अभिषेक जादौन नीरज गुप्ता प्रियांशु मरैया विनय जादौन राज जाटव तरुण प्रताप सोमवीर आदि छात्र छात्राओ ने सैनिक स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है मिलिंद वर्मा सर ने सभी छात्र छात्राओ का उत्साह वर्धन किया बसंत सर द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन कवि अनिल मुद्गल द्वारा किया गया सम्मान समारोह में पत्रकार गण छात्र छात्राओ के अविभावक गण एवं अन्य जन उपस्थिति रहे।



### कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर पशु चिकित्सक डॉ. दीपक निलंबित

**मुरैना।** पशु सहायक शल्य पशु चिकित्सालय कन्हार में पदस्थ पशु सहायक शल्य चिकित्सक डॉ. दीपक तिवारी को कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं अनियमितताओं के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। डॉ. दीपक तिवारी नियमित रूप से अपने कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं हो रहे थे। इस संबंध में उप संचालक पशुपालन डॉ. बीके शर्मा द्वारा उन्हें कई बार स्मरण पत्र जारी किए गए, किंतु उनके कार्य व्यवहार में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि डॉ. तिवारी द्वारा 22 अगस्त 2025 से 20 नवम्बर 2025 तक मेडिकल अवकाश पर रहने की जानकारी दी गई, जबकि प्रस्तुत सिकनेस सर्टिफिकेट में केवल 15 दिवस के अवकाश की ही अनुशंसा की गई थी। उपरोक्त तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए उप संचालक पशुपालन द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया गया।

## फूड सेफ्टी ऑफिसर अवनीश गुप्ता निलंबित

**मुरैना, 13 अप्रैल।** वर्ष-2024 में तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला भिंड अवनीश गुप्ता द्वारा नमूना कार्रवाई का भय दिखाकर रुपए की मांग किए जाने के आरोपों को लेकर दोषी पाए जाने पर भिंड कलेक्टर द्वारा उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। श्री गुप्ता द्वारा स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत 30 सितम्बर 2025 को आरोप, आधार एवं संबंधित पत्र जारी कर पुन: जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। श्री गुप्ता द्वारा 7 अप्रैल 2026 को प्रस्तुत किया गया जवाब समाधानकारक नहीं पाया गया। वर्तमान में मुरैना पदस्थ अवनीश गुप्ता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित है।

# किसानों को गन्ना उत्पादन के लिए प्रशिक्षण-बीज मिले : पंकज

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 13 अप्रैल।** शक्कर कारखाना चलाओ संघर्ष समिति एवं गन्ना उत्पादक प्रोत्साहन समिति के तत्वावधान में गन्ना उत्पादक किसानों

**शुगर मिल परिसर में हुई गन्ना उत्पादक किसानों की बैठक, जौरा विधायक ने दी 5 लाख की राशि**




की बैठक सोमवार को आयोजित हुई। इस बैठक का आयोजन शक्कर कारखाना प्रांगण में हुआ। जिसमें जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, कृषि विभाग के एडीए अशोक जायसवाल, कैलारस एसएडीओ मुनीश रावत विशेष रूप से शामिल हुए।

बैठक में विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि कैलारस शुगर मिल चंबल क्षेत्र की आर्थिक धुरी हुआ करता था, मिल के बंद होने से किसानों में निराशा है। सरकार मदद करे तो किसान पुन: गन्ने का उत्पादन शुरू करना चाहते है। मप्र शासन के मंत्रियों द्वारा बीते समय में कहा गया कि किसान गन्ना उगाएगें तो शुगर मिल को फिर से चालू किया जाएगा। जिसके बाद से अब तक 5 हजार से अधिक किसान गन्ना उत्पादन के लिए सहमति दे चुके है। श्री उपाध्याय ने कहा कि कृषि विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसानों को प्रशिक्षण और बीज उपलब्ध कराने के लिए फण्ड की कमी बताई जाती है। विधायक श्री उपाध्याय ने मौके पर किसानों के प्रशिक्षण एवं बीज के लिए 5 लाख रूपये की राशि दिए जोन की घोषणा की। बैठक में चर्चा उपरांत तय हुआ कि 16 अप्रैल को शुगर मिल परिसर में 100 किसानों का प्रशिक्षण संपन्न कराया जाएगा।

**अपने गांव में अन्य किसानों को प्रशिक्षण देने का लिया संकल्प** : बैठक में मौजूद किसानों ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने गांव में अन्य किसानों को गन्ना उत्पादन के लिए प्रशिक्षण देंगे। संकल्प लेने वालों में जीवनलाल त्यागी भटपुरा, राजेश धाकड़ किसरौली, सुग्रीव यादव मामचौन, समर सिंह धाकड़ गस्तौली, वीरेन्द्र धाकड़ कोंड़ा, भूषण सिंह धाकड़ रीझौनी, कप्तान सिंह धाकड़ बूढ़ सिरथरा आदि प्रमुख थे।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

लक्ष्मीनारायण त्यागी, रामस्वरूप शर्मा, बृजमोहन मरैया, ओमप्रकाश श्रीवास, सुरेश उपाध्याय, राजवीर धाकड़, हरीराम धाकड़, हरेन्द्र जादौन, सरवनलाल धाकड़, डॉ. मुरारीलाल अमर, ओमप्रकाश शाक्य, साबिर पठान, शम्मा कुरैशी, मोहित शुक्ला, अनुराग दुबे, अशोक जाटव आदि बैठक में उपस्थित थे।

# नहर में मिली एक्सपायर्ड आयरन सीरप समेत 12 प्रकार की दवाएं

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 13 अप्रैल।** सोमवार को स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुड़ियाखेड़ा बायपास के नजदीक नरूआ के पास सरकारी अस्पतालों में मुफ्त वितरण के

**2024 में हो गई थी एक्सपायर्ड, सेंट्रल ड्रग स्टोर से हुआ था वितरण**





लिए आवंटित दवाएं भारी मात्रा में पड़ी हुई मिलीं। एक्सपायर्ड दवाओं को खुली जगह में फेंका जाना स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को दर्शाता है। पुलिस ने दवाओं को जब्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार मुड़ियाखेड़ा के ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह करीब 9.30 बजे स्टेशन रोड थाना पुलिस को नरूआ के पास दवाएं पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद एसआई राममंत्र गुप्ता मौके पर पहुंचें। पुलिस को मौके पर 400 से अधिक संख्या में सरकारी अस्पताल में वितरित की जाने वाली आयरन सीरप, कैल्शियन टेबलेट सहित अन्य दवाएं पड़ी हुई मिलीं। इनमें ब्लड शुगर की जांच करने वाली स्ट्रिप्स शामिल थीं। प्रारंभिक जांच में अधिकांश दवाइयां एक्यपायरी डेट की पाई गई। इन दवाओं को पुलिस जब्त कर थाने ले आई। सूचना पाकर खड़ियाहार बीएमओ डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता स्टेशन रोड थाने पहुंचें और दवाओं को साथ लाकर सेंट्रल स्टोर में जमा कर दिया।

**स्टोर प्रभारी बोले इलेक्शन ड्यूटी के हुआ था वितरण :** मुड़ियाखेड़ा में पड़ी मिलीं दवाओं को लेकर सेंट्रल ड्रग स्टोर के प्रभारी डॉ. सुशील कारखुर ने कहा कि जब्त की गईं दवाएं इलेक्शन ड्यूटी के दौरान वितरित की गई थी। बैच नंबर के आधार पर पता लगाया जा रहा है कि वितरण किसे किया गया था।

**खुले में नहीं फेंका जा सकता है बायो मेडिकल वेस्ट :** एक्सपायर्ड दवाओं सहित अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट का नष्टीकरण इंसीनरेटर के माध्यम से किया जाता है। मुरैना जिले में बायो मेडिकल वेस्ट के कलेक्शन एवं नष्टीकरण के लिए आगरा की एक प्राईवेट कंपनी को ठेका दिया गया है। लेकिन स्वास्थ्य महकमे के कर्मचारियों ने एक्सपायर्ड दवाओं ने लापरवाही बरती और खुले में ही फेंक दिया गया।

**इनका कहना है...**

मुड़ियाखेड़ा में पड़ी मिलीं दवाएं एक्सपायर्ड है। सेंट्रल ड्रग स्टोर से इलेक्शन ड्यूटी के दौरान उनका वितरण किया गया था। बैच नंबर से पता लगाया जा रहा है कि दवाएं किसको वितरित की गई थीं।

**- डॉ. सुशील कारखुर**
**प्रभारी, सेंट्रल ड्रग स्टोर**

# डॉ. अंबेडकर ने पिछड़े व वंचितों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 13 अप्रैल।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं

**अंबेडकर जयंती पर नपा कैलारस में हितग्राहियों को लाभ वितरित**




जयंती पर सोमवार को कैलारस नगर परिषद कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभांवित किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता बृजेश बंसल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को नई दिशा देने का कार्य किया। उनके द्वारा रचित संविधान के कारण भारत एक सशक्त और अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित है। उन्होंने समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है। इस अवसर पर संबल, पथ विक्रेता सहित अन्य योजनाओं से हितग्राहियों को जोड़कर उन्हें लाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बंसल, सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया ने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति :** इंजी. ऐश्वर्य गोयल, वीरेन्द्र सोलंकी, दरोगा खान, लक्ष्मण नामदेव, राघवेंद्र जादौन, अमृतलाल कुशवाह, विशाल धौलपुरिया, वीरेंद्र बाल्मीक सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष हितग्राही कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## महाप्रभु बल्लाभाचार्य के प्राकट्योत्सव पर निकला चल समारोह

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 13 अप्रैल।** शुद्धाद्वैत ब्रह्मवाद के संस्थापक, पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक एवं समस्त पुष्टि सृष्टि के प्राणाधार जगद्‌गुरू महाप्रभु वल्लभाचार्य के प्रादुर्भाव महोत्सव के पावन अवसर पर नगर में भव्य एवं श्रद्धामयी शोभायात्रा का आयोजन किया गया।





यह शोभायात्रा द्वारकाधीश जी की हवेली महावीर पुरा से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गो से होती हुई जीवाजी गंज पहुंची तथा पुन: वापस द्वारकाधीश जी की हवेली पर आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

संपूर्ण वातावरण जय श्रीकृष्ण एवं बल्लभाधीश की जय के जयघोषों से गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण एवं वल्लभाचार्य की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बड़ी संख्या में महिलाए पुरुष एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और पूरे आयोजन को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर षष्ठगृह की ओर से गोस्वामी 108 बृजरमणलाल महोदय द्वितीय कृतार्थ बाबा साहब की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है तथा युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। उक्त जानकारी रामशरण शर्मा द्वारा दी गई।

# खुले बोरवैल, कुएं कवर्ड हों, पराली जलाने पर कार्रवाई करें

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 13 अप्रैल।** कलेक्टर

**समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**



लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में समयसीमा पत्रों, सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत सहित समस्त जिला अधिकारी, एसडीएम, आयुक्त नगर निगम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने समस्त जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि जिले के सभी खुले बोरवैल, कुएं एवं बाबड़ियों को कवर्ड कराया जाए। पटवारियों को सोमवार से गुरुवार सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक फील्ड में उपस्थित रहकर कार्य करने तथा शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खेतों में पराली जलाने की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त तहसीलदारों को दिए। उर्वरक का वितरण ई-टोकन के माध्यम से कराने, एचपीवी टीकाकरण का शेष लक्ष्य 2 दिवस में पूर्ण करने, विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। एलपीजी आपूर्ति की समीक्षा में घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई के निर्देश समस्त तहसीलदार एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को दिए गए।